# पाठ-पाठ - ९ राष्ट्रगीत ,पाठ - १० चंदन की सुगंध फैलाता कर्णाटक
# व्याकरण - शब्दावली,वर्तनी

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




**CLASS: V**
**SESSION NO : 4**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NUMBER: ९ , १०**
**TOPIC: अभ्यास कार्य - ३**
**SUB TOPIC: दीर्घ उत्तरीय प्रश्न अपठित गद्यांश ,शब्दावली वर्तनी शुद्ध करें**

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# शिक्षण उद्देश्य

बच्चों को परीक्षा संबंधित प्रश्नों  की जानकारी प्राप्त होगी ।
परीक्षा के लिए तैयार होंगे ।
भाषा संबंधित शब्दावली में  वृद्धि होगी।
 मौखिक एवं लिखित क्षमता बढ़ेगी।

# अभ्यास कार्य - ३ (प्रश्न)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## १.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

(क) गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?
ख) अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?
ग) समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?
घ)'व्यय' और 'गरीब' का विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढकर लिखिए।
ङ) 'उपाय' और 'बिजली' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

# उत्तर

१.क) गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं|

ख)अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र  लगे हैं|

ग)समर्थ जन  गर्मी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं|

घ) व्यय -  आय                अमीर  -  गरीब

ङ)  उपाय  -   तरकीब,सूझ

बिजली  -   चपला,दामिनी

## २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए-

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

क) 'राष्ट्रध्वज देश की शान होते है । कैसे? भारतीय तिरंगे की कहानी लिखिए।

ख) कर्नाटक प्रदेश की जानकारी अपने शब्दों में  लिखिए।

## २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए-

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**क) 'राष्ट्रध्वज देश की शान होते है ।' कैसे? भारतीय तिंरगे की कहानी लिखिए।**

उ: किसी भी स्वतंत्र देश का अपना एक राष्ट्रध्वज होता है जो उसकी एकता और अखंडता को प्रदर्शित करता है। इसलिए यह देश की शान होता है।तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है जिसे २२ जुलाई १९४७ को अपनाया गया। यह खादी कपड़े से बनता है और इसमें तीन रंग होते हैं। तिरंगे का डिजाइन आंध्रप्रदेश के पिंगली वैंकैया ने बनाया था। इसका केसरिया रंग शक्ति और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफेद रंग शांति और सत्य का प्रतीक है। हरा रंग उर्वरता, समृद्धि का प्रतीक है। सफेद रंग के बीच में स्थित अशोक चक्र धर्म और समय की निरंतरता को दर्शाता है।

## ख) कर्नाटक प्रदेश की जानकारी अपने शब्दों में  लिखिए।

कर्नाटक राज्य की स्थापना 1 नवंबर 1956 में हुई थी जबकि इसे कर्नाटक नाम 1 नवंबर 1973   को मिला था ।

इसकी राजधानी और सबसे बड़ा शहर बैंगलोर है।
यहाँ की महिलाएँ आमतौर पर साड़ी पहनती हैं जबकि पुरुषों की प्रमुख पारंपरिक पोशाक लुंगी, धोती आदि पहनते हैं।यहाँ के प्रसिद्ध खाद्य पदार्थों में इडली-वड़ा सांभर, अक्की रोटी शामिल हैं।
कर्नाटक की मुख्य  भाषा कन्नड़ है।

## शब्दावली -

### ३.निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

मातृभूमि

राष्ट्रध्वज

ऐतिहासिक

अद्‌भुत

कलात्मकता

### ४.उपसर्गों से  दो- दो शब्द बनाइए।

अ  ,प्र, पर, स्व

# शब्दावली -

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## ३.निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

मातृभूमि - मुझे अपने मातृभूमि से प्रेम है।

राष्ट्रध्वज - राष्ट्रध्वज हमारे देश की शान है ।

ऐतिहासिक - वह ऐतिहासिक कथाएँ सुनना पसंद करता है।

अद्‌भुत - कर्नाटक की शिल्पकला अद्‌भुत है।

कलात्मकता - राम के चित्र में कलात्मकता है।

## ४.उपसर्गों से दो- दो शब्द बनाइए।

अ -असत्य, अधर्म , प्र - प्रहार ,प्रदान

पर - परतंत्र ,परोपकार , स्व - स्वतंत्र , स्वदेश

# ५ - वर्तनी शुद्ध कीजिए

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

चूनोती

खूसबू

विशीस्ट

तकनिक

हलेबिडु

# ५ - वर्तनी शुद्ध कीजिए

चूनोती - चुनौती

खूसबू - खुशबू

विशीस्ट - विशिष्ट

तकनिक - तकनीक

हलेबिडु - हलेबीड़ू

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# गृहकार्य

**पाठ का अभ्यास करें।**

# शिक्षण प्रतिफल

अभ्यास द्वारा बच्चे परीक्षा संबंधित प्रश्न को जाने एवं उत्तर देने का प्रयत्न किए।

शब्दावली एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई।

मौखिक एवं लिखित दोनों तरह के प्रश्नोत्तर जानें।

लेखन कौशल में वृद्धि हुई।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP